Std -III (Hindi Lit.)

हम होंगे कामयाब

शब्दार्थ

कामयाब - सफल

विश्वास -- भरोसा

भय -- डर

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-

प्रश्न.1:- कवि के मन में किस बात का विश्वास है?

उत्तर:- कवि के मन में कामयाब यानि सफल होने का विश्वास है।

प्रश्न.2:- 'सब जगह शांति हो' - कवि ऐसा क्यों कह रहा है?

उत्तर:- 'सब जगह शांति हो' कवि के कहने का अर्थ है कि वह चारों तरफ़ शांति की कामना कर रहा है, वह चाहता है कि कहीं घृणा, द्वेष, तथा झगड़े न हों।

प्रश्न.3:- हमारे मन में किसका डर नहीं होना चाहिए?

उत्तर:- हमारे मन में किसी प्रकार की असफलता का डर नहीं होना चाहिए।

प्रश्न.4:- इस कविता में कवि क्या कह रहा है? बताओ।

उत्तर:- इस कविता में कवि कह रहा है कि उसे विश्वास है कि वह एक दिन सफल होगा, चारों तरफ शांति होगी, हम एक साथ मिलकर चलेंगे तथा हमें किसी भी प्रकार का डर नहीं होगा।

प्रश्न.5:- 'कामयाब' शब्द का अर्थ क्या है?हम किसी को कामयाब कब मान सकते हैं?

उत्तर:- 'कामयाब' शब्द का अर्थ सफल होना है हम किसी को उसके महान चरित्र तथा अच्छे व्यक्तित्व से कामयाब मान सकते हैं।

प्रश्न.6:- कवि क्या कामना कर रहा है?

उत्तर :- कवि एक दिन कामयाब होने, चारों ओर शांति होने, एक साथ मिलजुलकर चलने तथा निडर होने की कामना कर रहा है।

प्रश्न.7:- कामयाब होकर क्या होगा?

उत्तर:- कामयाब होकर एक सुंदर देश तथा उसके सुनहरे भविष्य का निर्माण होगा।

प्रश्न.8:- कवि को किसका डर नहीं है?

उत्तर:- कवि को किसी भी प्रकार की असफलता का डर नहीं है। उसे विश्वास है कि वह एक दिन ज़रूर कामयाब होगा।

प्रश्न.9:- हम जीवन में किस प्रकार सफल हो सकते हैं?

उत्तर:- हम जीवन में कठिन परिश्रम कर सबके साथ मिलजुलकर तथा अपने ऊपर विश्वास करके सफल हो सकते हैं।

भाषा संसार:-

दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

शांति × अशांति

पूरा × अधूरा

आज × कल

विश्वास × अविश्वास

कामयाब × नाकामयाब

इन शब्दों से वाक्य बनाइए–

A. कामयाब :- मेहनत करने से हम कामयाब होते हैं।

B. शांति :- बच्चों को कक्षा में शांति से रहना चाहिए।

C. विश्वास :- हमें ईश्वर पर विश्वास करना चाहिए।

D. साथ-साथ :- हम साथ-साथ पढ़ते हैं।